Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Kaushal Shri Raghuvir Singh

>

Title : Reported shortage of Urea in Rajasthan due to non-availability of railway rakes.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा): सभापति जी, राजस्थान में यूरिया खाद की बहुत कमी है। इस समय या तो गेहूं की बुबाई हो रही है या आगे की जो गेहूं की फसल है, वह पहले की स्थिति में आ गयी है लेकिन खाद नहीं मिलने के कारण फसल को क्षति होने से किसानों में भयंकर रोा व्याप्त है। जगह-जगह प्रदर्शन और धरने चल रहे हैं। किसानों पर कभी बाढ़ तो कभी सूखा और कभी ओले की प्राकृतिक आपदाएं आती रहती हैं किंतु इस बार यूरिया खाद की कमी के कारण किसान बैचेन हैं। कुछ आयाति खाद आया भी है लेकिन आयातित खाद बंदरगाह पर पड़ा है। रैक नहीं मिलने के कारण वह खाद राजस्थान में नहीं आ रहा है। पूरे राजस्थान में त्राहि-त्राहि मची हुई है।

सभापति महोदय: आपकी मांग क्या है?

श्री रघुवीर सिंह कौशल : सभापति जी, मेरी मांग यह है कि जो आयातित खाद है, उसके लिए अधिक से अधिक रैक मिले। यूरिया की कमी को देखते हुए आईपीएल के तीन रैक और इफको के दो रैक प्रतिदिन डिसपैच किये जाने अत्यंत आवश्यक हैं।... (व्यवधान)

सभापति महोदय: डिटेल में मत जाइए। आपका प्वाइंट आ गया है।

श्री रघुवीर सिंह कौशल :हमें 8.5 लाख मैट्रिक टन यूरिया चाहिए जिसके अगेंस्ट एक चौथाई यूरिया आ गई है।[r79]

सभापति जी, आप किसान हैं और आप जानते हैं कि किसानों की स्थिति कैसी रहती है। यदि प्रथम इरिगेशन में यूरिया नहीं दिया गया तो उत्पादन में कितनी कमी आ जायेगी। इसलिये मैं सरकार से मांग करूंगा कि राजस्थान को रैक दिलवाकर यूरिया उपलब्ध कराया जाये।